

पेंच टाइगर रिर्जव के बफर जोन से लगे ग्राम गुमतरा का मामला

# बाघ के हमले से ग्रामीण की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जनवरी . इन दिनों खेतों में रवि की फसल लगी हुई है जिसके चलते किसान रात के समय खेतों में पानी की सिचाई करने के लिए जाते है. पेंच टाइगर रिर्जव से लगे ग्रामों में रात के समय वन्यप्राणियों की आवाजाही बनी है जिसके चलते किसान वन्यप्राणियों का शिकार हो रहे है.**

ऐसा ही एक मामला पेंच टाइगर रिर्जव के बफर जोन क्षेत्र में आने वाले ग्राम गुमतरा में देखने को मिला है. याहं पर बीती रात बाघ ने ग्रामीण पर हमला कर दिया जिससे उसकी की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुमतरा निवासी राजकुमार कहार पिता सीताराम कहार 38 वर्ष शुक्रवार की रात्रि के समय लगभग 11:30 बजे खेत में सिंचाई करने के लिए घर से अकेले पैदल था तभी रास्ते में राजकुमार पर बाघ ने हमला कर दिया जिसमें राजकुमार कहार की मौत हो गई. यह घटना पेंच टाइगर रिर्जव के छिंदवाड़ा क्षेत्र अंतर्गत कुंभपानी वन परिक्षेत्र में बीट गुमतरा के कक्ष क्रमांक पी.एफ.-1409 लालमाटी क्षेत्र के पास घटित हुई है.उक्त बात की सूचना पेंच टाइगर रिर्जव का अमला साथ ही बिछुआ पुलिस भी मौके पर पहुंची और टीम ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए बिछुआ अस्पताल पहुंचाने के बाद उक्त क्षेत्र की जांच पड़ताल की तो पेंच टाइगर रिर्जव की टीम ने उक्त स्थान पर बाघ के पगचिन्ह पाए. इस से पुष्टी होती है कि राजकुमार कहार की मौत बाघ के हमले से हुई है वहीं शव को पोस्ट मार्टम के लिए बिछुआ अस्पताल पहुंचा दिया.





## आठ लाग रुपए की दी राशि

बाघ के द्वारा राजकुमार कहार का शिकार होने की पुष्टी के बाद टाइगर रिर्जव की टीम ने क्षतिपूर्ति का प्रकरण तैयार कर लिया . आज गुमतरा रेंज कार्यालय में मृतक के परिजनों को बुलाया गया जहां पर पेंच टाइगर रिर्जव के अधिकारियों ने वनविभाग के नियमों के अनुसार उन्हें क्षतिपूर्ति की राशि के रूप में 8 लाख रूपए का चेक प्रदान किया .

## बाघ की सुरक्षा में लगी दो टीम

ग्राम गुमतरा के पास बाघ के द्वारा ग्रामीण पर हमला करने की बात पुष्टी होने के बाद अब पेंच टाइगर रिर्जव की टीम भी सतर्क को गई है . बाघ की सुरक्षा को लेकर दो टीम लगाई गई है जो टीम बाघ के हर मूमेंट पर नजर बनाए हुए है . वहीं पेंच टाइगर रिर्जव के गुमतरा रेज के अमले ने ग्राम गुमतरा सहित आस पास के क्षेत्रों में मुनादी करवाई है और ग्रामीणों को सलह दी है कि वे रात के समय घर से बाहर ना निकले साथ ही अपने मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर रखे . अगर रात में घर से निकलना भी पड़े तो तीन से चार लोग एक साथ निकले और शोर शराबा करते हुए जाए, सुरक्षा के लिए अपने पास आग या फिर तेज रोशनी वाली वस्तू जरूर ले जाए .

## छोटे भाई ने देखा बाघ

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात मृतक राजकुमार कहार क्षेत्र में स्थित तालाब की ओर मोटर पंप चालू करने के लिए जा रहा था ताकि वह अपने खेत में पानी की सिंचाई कर सके. जब वह गांव से कुछ दूर पर गया ही था कि उसका सामना बाघ से हो गया और बाघ ने उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई. लगभग आधा घंटे बार मृतक राजकुमार कहार का छोटा भाई राजेश कहार भी खेत जाने के लिए निकला तब उसे रास्ते में बाघ दिखाई दिया. बाघ के दिखने पर वह वापस घर आ गया और गांव के एक अन्य व्यक्ति के साथ बाइक से अपने खेत की ओर निकल गया तब उसने रास्ते में सड़क के किनारे अपने भाई राजकुमार कहार का शव पड़ा हुआ पाया और इस बात की सूचना पेंच टाइगर रिजर्व के कर्मचारियों और पुलिस को दी.

## इनका कहना है

ग्राम गुमतरा के पास शुक्रवार की देर रात्रि लगभग 11:30 बजे राजकुमार कहार पर बाघ ने हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई है . राजकुमार की मौत होने पर उसके परिजनों को 8 लाख रूपए की सहायता राशि भी दे दी गई है . वहीं बाघ की सुरक्षा के लिए दो टीम तैनात की गई है .

**बलवंत केशवाल**
**वनपरिक्षेत्र अधिकारी गुमतरा**

# करंट की चपेट में आने से दो बच्चे झुलसे

## निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, परिजनों ने विद्युत विभाग पर लगाया आरोप



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जनवरी . जिले के कुण्डाली कला में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया।**

घर के पीछे खेत में पतंग देखने गए दो भाई, समर्थ यादव उम्र 12 वर्ष और प्रिंस यादव उम्र15 वर्ष हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। पिता श्याम कुमार यादव ने बताया कि बच्चे स्कूल की छुट्टी के बाद घर के पीछे बिजली के तारों में फंसी पतंग देखने गए थे। तभी अन्य बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। जहां दोनों भाई करंट की चपेट में आकर झुलसी हुई हालत में अलग-अलग पड़े मिले। आनन-फानन में उन्हें आनंद अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। विद्युत विभाग की इस लापरवाही का खमियाजा दोनों बच्चे भुगत रहे है। हालांकि दोनों बच्चे बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। फिलहाल दोनों बच्चे डाक्टरों की देखरेख में है।

परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पूरे खेत में बिजली के तार असुरक्षित तरीके से फैले हुए हैं। यहाँ अक्सर स्पार्किंग होती रहती है। पीड़ित पिता का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार एमपीईबी को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग ने अब तक कोई निराकरण नहीं किया। परिजनों ने रोष जताते हुए कहा कि प्रशासन की इसी अनदेखी के कारण आज यह हादसा हुआ है। फिलहाल, अस्पताल में बच्चों की स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं। जबकि गांव वालों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश है।

## जहर सेवन से महिला की मौत

**छिंदवाड़ा। बिछुआ थाना क्षेत्र के रहने वाली महिला ने बीती रात जहर सेवन कर लिया। इस घटना की महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।**

जानकारी अनुसार रुस्सों पति फूलन उइके उम्र 48 साल फगनुटोला की रहने वाली है। उसने शुक्रवार की शाम जहर का सेवन कर लिया था। जिसके बाद वह लेट गई। परिजन समझे कि वह सो रही है। जब सुबह देर तक नहीं उठी, तो देखा कि उसकी हालत गंभीर है। उसे परिजन तत्काल बिछुआ अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजल किए जब्त

**छिंदवाड़ा.** नगर निगम अमले ने शहर के विभिन्न दुकानों पर दबिश देकर अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजल जब्त किया. नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज शनिवार को गांधी गंज क्षेत्र में थोक पॉलीथिन एवं डिस्पोजल विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 25 किलोग्राम अमानक पॉलीथिन एवं डिस्पोजेबल सामग्री डिस्पोजेबल गिलास एवं प्लास्टिक के चम्मच जब्त की गई। प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं डिस्पोजल सामग्री का उपयोग एवं विक्रय करने वाले 11 दुकानदारों के विरुद्ध नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 5,400 का चालान काटा गया। यह कार्रवाई शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने एवं नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई।

# युवक ने आईसीयू में धुसकर किया उपद्रव

## मॉनीटर तोड़ने की कर रहा था कोशिश, सुरक्षाकर्मी ने पकड़कर बाहर निकाला

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 जनवरी . जिला अस्पताल में शनिवार की दोपहर एक युवक ने आईसीयू में धुस कर आईसीयू में तोडफोड़ करने की कोशिश की है। स्टाफ के शोरगुल के चलते सभी सुरक्षा गार्ड आईसीयू में पहुचे। सुरक्षा गार्डों ने तत्काल उसे पकडकर बाहर निकाला। जरा सी भी चूक हो जाती तो बड़े नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता था।**



जानकारी अनुसार दोपहर में तकरीबन एक से डेढ़ के बीच एक आसामाजिक तत्व अचानक आईसीयू वार्ड में धुस गया। वह एक खाली पलंग देखकर उस पर चढ़ गया। उसने बाद उसने मॉनीटर उठा लिया। उसे पटकने की कोशिश करने लगा। हालांकि स्टाफ के लोगों ने जोर से शोरगुल मचाया। इसके सुरक्षा गार्ड तत्काल आईसीयू वार्ड में दौड़े। उसको पकड़कर बाहर लेकर आए और उसे बाहर निकाला। इस दौरान ऐसा कोई भी नुकसान नहीं हुआ। यदि जरा भी देरी हो जाती तो शायद आसामाजिक तत्व मॉनिटर उठाकर पटक सकता था। जिससे बड़े नुकसान से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## अस्पताल की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

इस कांड ने जिला अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए है। हालात यह है कि जिला अस्पताल में शेफ्टी फायर, सीसीटीवी कैमरे, एलईडी सहित अन्य चोरियों हो चुकी है। इसके बाद भी सुरक्षा के कोई कड़े इंतजाम नहीं किए गए हैं। ऐसे में आसामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589